Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide the fire services in villages at Panchayati levels.

श्री भागीरथ चौधरी (**अजमेर**): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए धन्यवाद ।

सभापति महोदय, पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्र की एक ज्वलंत समस्या है, उसकी तरफ मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । आज हम एक उन्नत और प्रगतिशिल युग में निरन्तर विकास के नए सोपन गढ रहे हैं । भारत, जो कि एक कृषि प्रधान देश रहा है और इसकी आत्मा गांवों में निवास करती है । ग्रामीण भारत के लिए माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के प्रयासों से अब शहरी और ग्रामीण सुविधाओं का अन्तर समाप्त हो गया है ।

ग्रामीण भारत में भी अब महानगरों की तरह बिजली, पानी, इन्टरनेट की सुविधा से अब नया भारत बन रहा है । सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय पर डालना चाहता हूं । जो ग्रामीण क्षेत्र हैं, यदि गांवों में आग लग जाती है तो वहां अग्निशमन की कोई व्यवस्था नहीं है । संविधान की बारहवीं अनुसूची के अनुच्छेद 243(w) के तहत अग्निशमन सेवाओं को शहरी निकायों के अधीन किया गया है जबकि इसको पंचायत समिति के स्तर पर करना चाहिए ।

सभापति महोदय, किसान के घर में कुछ नहीं है, टूटी हुई खाट है, फटे हुए बिस्तर हैं । जो भी उसकी सम्पत्ति है, उसके बारे में सोचिए । चाहे वह कृषि उपकरण हो, चाहे पशुधन हो, सब कुछ वहीं रहता है ।

जब आग लग जाती है, तब शहरों से गाँवों की ओर अग्निशमन वाहन जाता है, उस समय तक सब कुछ स्वाहा हो जाता है ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी और पंचायती राज मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि इसके लिए शहरों में जो व्यवस्था है, वह गाँवों में भी पंचायत समिति स्तर पर देनी चाहिए । क्योंकि, वहाँ किसानों की काफी क्षति हो जाती है । इससे उसका बचाव हो सकता है । यही मेरा निवेदन है । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Thank you, Chairman, Sir, for giving me an opportunity to raise a very urgent and public importance matter. I am changing my subject matter. Actually, my notice was on a subject that I had raised yesterday. Today, I am going to raise another matter with the permission of the Chair.

HON. CHAIRPERSON : Okay.

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Thank you, hon. Chairman, Sir. I know that you are very happy today because you have come to the House after the election campaign. So, your face is very energetic.

HON. CHAIRPERSON: Thank you.